मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-629
22/12/2023

# देश के कई राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामले के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

- देश के कई राज्यों में कोविड के बढ़ते मामले को देखते हुए आर0टी0पी0सी0आर0 जांच की संख्या और बढ़ायें।
- कोविड के निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुरूप अस्पतालों में दवा, उपकरण, बेड, ऑक्सीजन, मानव बल एवं अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखें।
- अस्पतालों में सभी लोग मास्क का उपयोग करें।
- कोविड समुचित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क एवं जागरूक करें।
- लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं, सजग एवं सतर्क रहें।

पटना, 22 दिसम्बर 2023 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में देश कई राज्यों में बढ़ते कोरोना के मामले को देखते हुए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोरोना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में ओमिक्रॉन परिवार का जे0एन0.1 वेरिएंट के कई मामले देश में मिले हैं। बिहार में भी कोरोनों के 2 ऐसे मामले आये हैं, जो राज्य में बाहर से आए लोगों में मिला है। उन्होंने बताया कि यह वैरियेंट बहुत घातक नहीं है। कोरोना के पाये गये दोनों मरीज होम आइसोलेशन में हैं और स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य विभाग कोरोना के इस नये वेरियेंट के प्रति पूरी तरह सतर्क है और इसके बचाव के लिये सभी जरूरी उपाय किये जा रहे हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के बढ़ते मामले को देखते हुए आर0टी0पी0सी0आर0 जांच की संख्या और बढ़ाई जाए। कोविड के निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुरूप अस्पतालों में दवा, उपकरण, बेड, ऑक्सीजन, मानव बल एवं अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता रखें। उन्होंने कहा कि कोविड समुचित व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु सोशल मीडिया एवं अन्य प्रचार माध्यमों से लोगों को कोरोना के प्रति सतर्क एवं जागरूक करें। अस्पतालों में सभी लोग मास्क का उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। सभी लोग सजग एवं सतर्क रहें।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक श्री सुहर्ष भगत उपस्थित थे।

******